# पिता अब्राहम

पाठ तीन

## अब्राहम का जीवन: आधुनिक अनुप्रयोग

Biblical Education. For the World. For Free.

वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ 2012 के द्वारा

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा प्रकाशक, थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़, इन्टरनेशनल., पो. बॉक्स 300769, फर्न पार्क, फ्लोरिडा 32730-0769 से लिखित अनुमति के बिना समीक्षा, टिप्पणी, या छात्रवृत्ति के प्रयोजनों के लिए संक्षिप्त टिप्पणियों को छोड़कर किसी भी रूप में या लाभ प्राप्ति के लिए किसी भी तरह से पुन:उत्पादित नहीं किया जा सकता है।

यदि कहीं और नहीं बताया गया तो पवित्रशास्त्र की सभी टिप्पणियाँ हिन्दी की पवित्र बाइबिल से ली गई हैं। 1984 अंतर्राष्ट्रीय बाइबिल सोसायटी © सर्वाधिकार सुरक्षित। बाइबिल प्रकाशक की अनुमति के द्वारा प्रयुक्त किए गये हैं।

थर्ड मिलेनियम की मसीही सेवा के विषय में

1997 में स्थापित, थर्ड मिलेनियम मसीही सेवकाई एक लाभनिरपेक्ष मसीही संस्था है जो कि **मुफ्त में**, **पूरी दुनिया के लिये**, **बाइबल पर आधारित शिक्षा** मुहैया कराने के लिये समर्पित है। उचित, बाइबल पर आधारित, मसीही अगुवों के प्रशिक्षण हेतु दुनिया भर में बढ़ती मांग के जवाब में, हम सेमीनरी पाठ्यक्रम को विकसित करते हैं एवं बाँटते हैं, यह मुख्यतः उन मसीही अगुवों के लिये होती है जिनके पास प्रशिक्षण साधनों तक पहुँच नहीं होती है। दान देने वालों के आधार पर, प्रयोग करने में आसानी, मल्टीमीडिया सेमीनरी पाठ्यक्रम का 5 भाषाओं (अंग्रेजी, स्पैनिश, रूसी, मनडारिन चीनी और अरबी) में विकास कर, थर्ड मिलेनियम ने कम खर्च पर दुनिया भर में मसीही पासबानों एवं अगुवों को प्रशिक्षण देने का तरीका विकसित किया है। सभी अध्याय हमारे द्वारा ही लिखित, रुप-रेखांकित एवं तैयार किये गये हैं, और शैली एवं गुणवत्ता में द हिस्ट्री चैनल © के समान हैं। सजीवता के प्रयोग एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट चलचित्र उत्पादन के लिये थर्ड मिलेनियम 2 टैली पुरस्कार जीत चुका है, और हमारा पाठ्यक्रम 150 भी ज्यादा देशों में प्रयोग हो रहा है। हमारी सामग्री डी.वी.डी, छपाई, इंटरनेट, उपग्रह द्वारा टेलीविज़न प्रसारण, रेडियो, और टेलीविज़न प्रसार का रूप लेते हैं।

हमारी सेवकाई के बारे में अधिक जानकारी के लिए और यह जानने के लिए कि आप किस प्रकार से उसमें शामिल हो सकते हैं, कृपया हमारी वैबसाइट http://thirdmill.org. पर जाएँ।

# विषय वस्तु


I. प्रस्तावना ..... 1

II. अब्राहम और यीशु मसीह ..... 2

क. अब्राहम का बीज 2

1. एक-वचनात्मकता 3
2. बीज के रूप में मसीह 5

ख. प्रमुख विषय 6

1. ईश्वरीय अनुग्रह 6
2. अब्राहम की वफादारी 7
3. अब्राहम के लिए आशीषें 7
4. अब्राहम के माध्यम से आशीषें 8

III. इस्राएल और कलीसिया ..... 9

क. अब्राहम का बीज 10

1. संख्यात्मक विस्तार 10
2. जातीय पहचान 11
3. आध्यात्मिक चरित्र 12
4. ऐतिहासिक परिस्थिति 13

ख. प्रमुख विषय 15

1. ईश्वरीय अनुग्रह 15
2. अब्राहम की वफादारी 16
3. अब्राहम के लिए आशीषें 17
4. अब्राहम के माध्यम से आशीषें 17

IV. निष्कर्ष ..... 18




वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

# पिता अब्राहम
# पाठ तीन
# अब्राहम का जीवन: आधुनिक अनुप्रयोग

## प्रस्तावना

आधुनिक समय के लोगों के लिए बाइबल के विषय में यदि कोई एक ऐसी बात है जिसको हजम करना मुश्किल होता है, तो वह है: यह कल्पना करना बहुत मुश्किल है कि हजारों साल पहले लिखी गई कहानियों में आज हमारे जीवनों का मार्गदर्शन करने की क्षमता है। और यही निश्चित रूप से बाइबल में अब्राहम की कहानियों के बारे में भी सत्य है। अब्राहम लगभग चार हजार साल पहले रहता था, और उसके बारे में कहानियों को लगभग 3600 साल पहले लिखा गया था। लेकिन मसीह के अनुयायियों के रूप में, हम इस तथ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं कि ये कहानियाँ पवित्र-शास्त्र का हिस्सा हैं और इसलिए आधुनिक लोगों के लिए लाभदायक भी हैं।

लेकिन इस प्रतिबद्धता के साथ भी एक सवाल आज भी बना हुआ है: अब्राहम के बारे में ये कहानियाँ आज हमारे जीवनों पर कैसे लागू होती हैं? अब्राहम से हमें अलग कर रहे इन 4000 सालों के फासले को हम कैसे पाट सकते हैं?

हमने इस श्रृंखला का शीर्षक रखा है, पिता अब्राहम, क्योंकि हम अब्राहम के जीवन की खोज कर रहे हैं जैसे यह उत्पत्ति की पुस्तक में दिखाई देता है। इस श्रृंखला में यह पाठ तीन प्रारंभिक पाठों में से तीसरा है, और हमने इसका शीर्षक रखा है, "अब्राहम का जीवन: आधुनिक अनुप्रयोग। इस पाठ में, अब्राहम के बारे में बातचीत करने वाले उत्पत्ति के उन अध्यायों से आधुनिक अनुप्रयोगों को उचित रीति से सीखने पर ध्यान-केंद्रित करने के द्वारा हम अब्राहम के जीवन के अपने अवलोकन को समाप्त करेंगे। हमें अपने जीवनों में अब्राहम की कहानियों को कैसे लागू करना चाहिए? आज के समय में वे किस प्रकार के प्रभाव हम पर डालेंगे?

यह समझने के लिए कि अब्राहम का जीवन हमारे संसार पर कैसे लागू होता है, हम दो बुनियादी दिशाओं को देखेंगे: पहला, अब्राहम और यीशु मसीह के बीच मौजूद संबंध, और दूसरा, इस्राएल के मूल श्रोताओं और कलीसिया के आधुनिक श्रोताओं के बीच मौजूद संबंध।

अब्राहम के जीवन के आधुनिक अनुप्रयोग को देखने से पहले जो कुछ हमने पिछले पाठों में देखा था उसकी समीक्षा करने के लिए हमें कुछ समय देना चाहिए। हमने सीखा था कि अब्राहम की कहानी पाँच समरूप चरणों में विभाजित होती है। पहला, 11:10-12:9 में अब्राहम का जीवन अब्राहम की पृष्ठभूमि और आरंभिक अनुभवों के साथ शुरू होता है। दूसरा, 12:10-14:24 में कई प्रकरण अन्य लोगों के प्रतिनिधियों के साथ अब्राहम के आरंभिक संपर्कों पर ध्यान-आकर्षित करते हैं। 15:1-17:27 में तीसरा और केंद्रीय हिस्सा उस वाचा पर केंद्रित हैं जिसे परमेश्वर अब्राहम के साथ बाँधता है। 18:1-21:34 में चौथा भाग अन्य लोगों के प्रतिनिधियों के साथ अब्राहम के बाद वाले संपर्कों की ओर मुड़ता है। और 22:1-25:18 में पाँचवां भाग अब्राहम के वंश और उसकी मृत्यु से संबंधित है। ये पाँच भाग कुल-पिता के जीवन को समरूप वाले पैटर्न में प्रस्तुत करते हैं। तीसरा भाग, जो कि अब्राहम के साथ परमेश्वर की वाचा से संबंधित है, अब्राहम के जीवन के केंद्रबिंदु के रूप से कार्य करता है। दूसरा और चौथी भाग एक दूसरे से तुलना करते हैं क्योंकि वे दोनों अन्य लोगों के साथ अब्राहम के संपर्कों पर



वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

ध्यान-केंद्रित करते हैं। और पहला एवं अंतिम भाग अब्राहम के जीवन के अंतिम छोरों को प्रस्तुत करने के द्वारा एक दूसरे से मेल खाते हैं, और अतीत से एवं भविष्य में अब्राहम के पारिवारिक वंश का पता लगाते हैं। अब्राहम के जीवन की बुनियादी संरचना के अलावा, पिछले पाठों में यह भी देखा था कि मूसा के पास अब्राहम के जीवन के बारे में लिखने का एक उद्देश्य था। मूसा ने अब्राहम के बारे में इस्राएलियों को सिखाने के लिए लिखा था कि उन्हें क्यों और कैसे मिस्र को पीछे छोड़ना और प्रतिज्ञा किए हुए देश पर विजय पाने के लिए आगे बढ़ना जारी रखना है। दूसरे शब्दों में, अब्राहम में अपने जीवनों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमियों को देखने के द्वारा, अब्राहम की कहानियों में अनुसरण या अस्वीकार करने के लिए नमूनों या उदाहरणों को ढूंढकर और समझते हुए कि अब्राहम का जीवन उनके अपने जीवनों का पूर्वाभास था, मूसा के पीछे चलने वाले इस्राएली लोग उन तरीकों को देख सकते थे जिनसे उन्हें अपने लिए परमेश्वर के उद्देश्य को प्राप्त करने में प्रयास करना था। पिछले पाठों की इस समीक्षा को ध्यान में रखते हुए, अब हम अब्राहम के जीवन की कहानी के आधुनिक अनुप्रयोग की ओर मुड़ने के लिए तैयार हैं।

## अब्राहम और यीशु मसीह

आइये सबसे पहले अब्राहम और यीशु मसीह के बीच मौजूद संबंधों की ओर देखते हैं। दुर्भाग्य से, कई बार मसीही लोग अब्राहम के जीवन को सीधे तौर से कम या ज्यादा करके आधुनिक जीवनों पर लागू करते हैं। हम अब्राहम की कहानियों को साधारण नैतिक कहानियों के रूप में देखते हैं जो कि सीधे हमारे जीवनों से बात करते हैं। हालांकि, मसीही होने के नाते, हम जानते हैं कि अब्राहम के साथ हमारा मध्यस्थ वाला संबंध है; अब्राहम का जीवन हमारे लिए प्रासंगिक है क्योंकि अब्राहम के विशेष बीज, यानी मसीह यीशु के साथ हमें जोड़ा गया है। मसीह हमारे और अब्राहम के बीच खड़ा है। और इस कारण से, हमें हमेशा मसीह के प्रकाश में और जो कुछ उसने किया है उसमें अब्राहम के बारे में बाइबल की कहानियों को देखना चाहिए।

कुल-पिता और मसीह के बीच संबंधों को समझने के लिए हम दो मुद्दों पर बातचीत करेंगे। एक ओर, हम पता लगायेंगे कि नया नियम किस प्रकार सिखाता है कि मसीह अब्राहम का बीज है। और दूसरी ओर, हम देखेंगे कि वे चार प्रमुख विषय जिन्हें हमने अब्राहम के जीवन में देखा था अब्राहम के बीज के रूप में मसीह पर कैसे लागू होते हैं। आइए पहले इस तथ्य को देखते हैं कि यीशु अब्राहम का बीज है।

### अब्राहम का बीज

एक ऐसी समझ है जिसमें अब्राहम पूरे इतिहास भर में सभी विश्वासियों का पिता है—पुरुष, महिलाएं और बच्चे। हम सभी उसके परिवार के हिस्सा हैं, उसके बच्चे हैं और उसके वारिस हैं। लेकिन जैसा कि हम देखेंगे, नया नियम इस बात को एकदम स्पष्ट कर देता है कि हम इस पदवी का आनंद इसलिए लेते हैं क्योंकि हमें मसीह के साथ जोड़ा गया है जो अब्राहम का विशेष बीज है। इसे समझने के लिए कि पवित्र शास्त्र इस परिप्रेक्ष्य को कैसे सिखाता है, हम संक्षेप में दो मुद्दों पर बात करेंगे: पहला,



वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

"बीज" की अवधारणा के एक-वचनात्मकता पर, और दूसरा, अब्राहम के अद्वितीय बीज के रूप में मसीह की अवधारणा पर।

## एक-वचनात्मकता

आइए सबसे पहले उन तरीकों पर गौर करते हैं जिनमें बाइबल अब्राहम के बीज की एकवचनात्मकता पर ध्यान आकृषित करता है। शायद गलातियों 3:16 इस मुद्दे पर प्रकाश डालने वाला सबसे महत्वपूर्ण पद है। वहाँ हमें ये वचन मिलते हैं:

> **निदान, प्रतिज्ञाएं इब्राहीम को, और उसके वंश को दी गईं; वह यह नहीं कहता, कि "वंशों को"; जैसे बहुतों के विषय में कहा, पर जैसे एक के विषय में कि "तेरे वंश को": और वह मसीह है। (गलातियों 3:16)।**

इस अनुच्छेद में, पौलुस ने इस तथ्य की ओर इशारा किया है कि उत्पत्ति की पुस्तक में परमेश्वर ने अब्राहम और उसके बीज या संतान से प्रतिज्ञा की थी। लेकिन ध्यान दें कि कैसे पौलुस ने विशेष रूप से "बीज" शब्द पर यह कहते हुए टिप्पणी की थी कि परमेश्वर ने अब्राहम और बीजों के लिए प्रतिज्ञा नहीं की थी -अर्थात, कई लोगों के लिए- लेकिन अब्राहम और उसके बीज के लिए, अर्थात एक व्यक्ति के लिए, वह है मसीह यीशु।

पौलुस ने इस बात पर ध्यान देने के द्वारा तर्क दिया कि इब्रानी शब्द ***ज़ेरा*** जिसका अनुवाद "बीज" किया गया है वह एकवचन वाला शब्द है। पौलुस के दिनों में उपलब्ध पुराने नियम के यूनानी अनुवाद में यूनानी शब्द ***स्पर्मा*** के लिए भी यही सच था। जैसे पौलुस ने लिखा, परमेश्वर ने अब्राहम से यह नहीं कहा था कि प्रतिज्ञा अब्राहम और उसके *बीजों* (बहुवचन में) के लिए थी लेकिन एकवचन में, उसके *बीज* के लिए।

अब सतही तौर पर, ऐसा लगेगा कि पौलुस का दृष्टिकोण एकदम सीधा था। अब्राहम की विरासत केवल एक बीज या एक संतान के लिए आई, क्योंकि वह शब्द एकवचन है। लेकिन "बीज" शब्द के एकवचनात्मकता के बारे पौलुस के तर्क ने टीकाकारों के लिए सभी प्रकार की कठिनाइयों को जन्म दे दिया है। समस्या को इस रीति से कहा जा सकता है। यह सत्य है कि "बीज" या *ज़ेरा* शब्द रूप में एकवचन है, लेकिन पुराने नियम में, कई बार, अब्राहम के जीवन की कहानियों समेत, "बीज" के एकवचन वाले रूप को समझने में सामूहिक एकवचन के रूप में लिया जाना चाहिए, एकवचन वाला शब्द जो एक समूह को दर्शाता है। इब्रानी शब्द *ज़ेरा* या "बीज" हमारे हिन्दी शब्द "वंश" के एकदम समान है। भले ही रूप में यह शब्द एकवचन है, फिर भी यह शब्द या तो सिर्फ एक संतान या "वंश" को दर्शा सकता है या सामूहिक रूप में कई संतानों या "वंशजों" को दर्शा सकता है।

उदाहरण के लिए, "बीज" या *ज़ेरा* शब्द उत्पत्ति 15:13 में निश्चित रूप से बहुवचन है। वहाँ हम इन शब्दों को पढ़ते हैं कि परमेश्वर ने अब्राहम से कहा।

> **यह निश्चय जान कि तेरे वंश पराए देश में परदेशी हो कर रहेंगे, और उसके देश के लोगों के दास हो जाएंगे; और वे उन को चार सौ वर्ष दु:ख देंगे; (उत्पत्ति 15:13)**



वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

यहाँ पर, "वंश" शब्द एकवचन वाले इब्रानी शब्द ***ज़ेरा*** का अनुवाद है, लेकिन अर्थ में यह शब्द स्पष्ट रूप से बहुवचन है। यह पद बीज को "स्वयं उनके" वाले बहुवचन रूप में बात करता है, और क्रियाएं भी इब्रानी भाषा में बहुवचन है "वे दास हो जाएंगे और वे उनको चार सौ वर्ष दुःख देंगे"।

बेशक, पौलुस जानता था कि उत्पत्ति की पुस्तक में कई बार "बीज" शब्द का एकवचन वाला रूप एक से ज्यादा व्यक्तियों को दर्शाता था। असल में, पौलुस ने स्वयं भी गलातियों 3:29 में बीज शब्द को बहुवचन वाले अर्थ में इस्तेमाल किया है जहाँ उसने इन वचनों को लिखा।

> **और यदि तुम मसीह के हो, तो इब्राहीम के वंश और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस भी हो। (गलातियों 3:29)।**

इस पद के यूनानी भाषा में, यह वाक्यांश "तुम ...हो" *este (एसटे)* का अनुवाद है, जो कि एक बहुवचन क्रिया है। और "अब्राहम के वंश", "वारिस" *kleronomai (क्लेरोनोमाई)* शब्द का समानार्थी है और यह भी बहुवचन है।

इस संदर्भ में हमें एक प्रश्न पूछना है। यदि पौलुस को पता था कि "बीज" शब्द का एकवचन रूप एक से अधिक व्यक्ति को दर्शा सकता है, तो उसने इसके एकवचनात्मक रूप पर क्यों जोर दिया? सभी संभावनाओं में, पौलुस ने अब्राहम के जीवन की एक विशेष घटना को ध्यान में रखा था, उत्पत्ति 22:16-18। इन पदों में, "बीज" शब्द का अर्थ निश्चित रूप से एकवचन है। इन पदों के इस शाब्दिक अनुवाद को सुनिए:

> **यहोवा की यह वाणी है, कि मैं अपनी ही यह शपथ खाता हूं, कि तू ने जो यह काम किया है कि अपने पुत्र, वरन अपने एकलौते पुत्र को भी, नहीं रख छोड़ा; इस कारण मैं निश्चय तुझे आशीष दूंगा; और निश्चय तेरे बीज को आकाश के तारागण, और समुद्र के तीर की बालू के किनकों के समान अनगिनित करूंगा, और तेरा बीज अपने शत्रुओं के नगरों का अधिकारी होगा: और पृथ्वी की सारी जातियां अपने को तेरे बीज के कारण धन्य मानेंगी: क्योंकि तू ने मेरी बात मानी है। उत्पत्ति (22:16-18, शाब्दिक)।**

दुर्भाग्य वश, कई आधुनिक अनुवाद इस अनुच्छेद को ऐसे प्रस्तुत करते हैं जैसे कि "बीज" एक सामूहिक एकवचन था। लेकिन हमें याद रखना है कि यह पद इसहाक के बलिदान वाली कहानी का हिस्सा है। और यहाँ पर "बीज" शब्द सामान्य रूप से अब्राहम के वंशजों को नहीं, बल्कि अब्राहम के पुत्र इसहाक को दर्शाता है। यह क्रिया "अधिकारी होगा" इब्रानी में एकवचन है, और यह भी ध्यान दें कि "उसके शत्रुओं" वाले वाक्यांश में सर्वनाम एकवचन है। जैसा कि हम बाद के पाठों में देखेंगे, उत्पत्ति 22 और उसके बाद वाले अध्याय सारा के बेटे, इसहाक को अब्राहम के अन्य पुत्रों, हाजिरा के पुत्र और कतुराह के पुत्रों से अलग करने में ज्यादा समय देते हैं। इसहाक प्रतिज्ञा का विशेष बीज था, जिसे परमेश्वर ने अब्राहम के एकमात्र उत्तराधिकारी के रूप में चुना था। इसलिए, इसहाक के जन्म से पहले, उत्पत्ति की पुस्तक अब्राहम के "बीज" को आमतौर पर एक सामूहिक के रूप में बताती है, जिसका अर्थ बहुवचन में "वंश" है, लेकिन यहाँ पर शब्द का ध्यान एक विशेष वंशज के रूप में किया गया है जो अब्राहम की प्रतिज्ञाओं का वारिस बनेगा।

इस संदर्भ में जब पौलुस ने अब्राहम के एकल बीज की ओर इशारा किया तो हम उसके मूल बिंदु को समझ सकते हैं। पौलुस ने ध्यान दिया कि उत्पत्ति अध्याय 22 में परमेश्वर ने अब्राहम और सीधे

उसके सभी वंशजों से प्रतिज्ञा नहीं की थी। उसने इंगित किया कि उत्पत्ति 22:16-18 में "बीज" शब्द की एकवचनात्मकता दर्शाती है कि ये प्रतिज्ञाएं अब्राहम के विशेष बेटे और वारिस इसहाक को दिए गए थे।

## बीज के रूप में यीशु मसीह

अब्राहम के बीज की एकवचनात्मकता को ध्यान में रखने के साथ, अब हमें इस शिक्षा को देखना चाहिए कि मसीह अब्राहम का बीज है। गलातियों 3:16 में प्रेरित ने जो कहा, उसे फिर से सुनिए।

> **निदान, प्रतिज्ञाएं इब्राहीम को, और उसके वंश को दी गईं; वह यह नहीं कहता, कि वंशों को ; जैसे बहुतों के विषय में कहा, पर जैसे एक के विषय में कि तेरे वंश को: और वह मसीह है (गलातियों 15:13)।**

इस अनुच्छेद में पौलुस ने न केवल इस तथ्य की ओर ध्यान खींचा कि अब्राहम का बीज एक था लेकिन इस पर भी कि अब्राहम का वह एक बीज मसीह है। अब, जैसा कि हमने पहले ही देख लिया है, उत्पत्ति की पुस्तक के वास्तविक अर्थ के संदर्भ में, अब्राहम का एक बीज जिसके बारे में मूसा ने लिखा था, वह कोई और नहीं बल्कि इसहाक था, प्रतिज्ञा किया हुआ विशेष पुत्र जो सारा से जन्मा था। तो जब पौलुस ने लिखा कि अब्राहम का एक बीज यीशु है तो फिर हमें उसको कैसे समझना चाहिए?

इस पर कुछ इस तरह से सोचें। अब्राहम की विरासत पारिवारिक विरासत थी जो उसके वंशजों की है। लेकिन पवित्र शास्त्र के इतिहास में कई महत्वपूर्ण अवसरों पर, परमेश्वर ने कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों को विशेष उत्तराधिकारी के रूप में सेवा करने के लिए चुना, जिन्होंने दूसरे लोगों के लिए अब्राहम की विरासत को प्राप्त किया और उसे वितरित किया। इसहाक के मामले में, वह अब्राहम के अन्य बेटों से अलग एक विशेष बीज था। जब इसहाक के दो बेटे हुए, याकूब और एसाव, तो परमेश्वर ने याकूब को अब्राहम का विशेष बीज होने के लिए चुना और एसाव एवं उसके वंशजों को छोड़ दिया था। याकूब से इस्राएल के गोत्रों के बारह कुल-पिता निकले। लेकिन इस्राएल के गोत्रों में से कई व्यक्ति अब्राहम के विशेष उत्तराधिकारी थे। उदाहरण के लिए, मूसा, परमेश्वर के लोगों का जब वे मिस्र से निकल कर प्रतिज्ञा किए हुए देश की ओर जा रहे थे तो उनका अगुवा एवं बिचवई था । और बाद में, जब इस्राएल एक पूर्ण साम्राज्य बन गया, तो दाऊद और उसके बेटों ने अब्राहम की विरासत में बिचवई की विशेष भूमिका को निभाया था।

दाऊद और उसके बेटों की यही वह विशेष भूमिका है जिसने अब्राहम के अंतिम महान बीज के रूप में मसीह को इंगित करने की ओर पौलुस की अगवाई की, क्योंकि यीशु मसीह दाऊद की राजगद्दी का सही उत्तराधिकारी है। वह परमेश्वर के द्वारा उसके लोगों का स्थायी राजा बनने के लिए चुना गया था। वह अब्राहम का महान अनंत शाही बीज था, यानी मसीहा। और इस तरह, मसीह ही एकमात्र ऐसा है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति अब्राहम की विरासत में भागीदारी ले सकता है। मसीह से अलग कोई भी व्यक्ति अब्राहम की प्रतिज्ञाओं को कभी भी प्राप्त नहीं करेगा।

इसलिए, अब्राहम के संबंध में हम यीशु को इस तरह से सारांशित कर सकते हैं। मसीही दृष्टिकोण से, यीशु अब्राहम का अद्वितीय, अंतिम बीज है। और मसीही होने के नाते जब हम अब्राहम के

जीवन को आधुनिक संसार के लिए लागू करना चाहते हैं, तो हमें ध्यान में रखना चाहिए कि वह संबंध जो अब्राहम और हमारे संसार के बीच में है, वह यह है, कि अब्राहम की महान आशीषों को मसीह को दिया गया है, जब मसीह ने अपने राज्य की शुरूआत की, जैसे-जैसे अभी वह अपने राज्य को बनाना जारी रखे है और जब वह अपने राज्य को उसकी परिपूर्णता पर लाएगा।

नया नियम सिखाता है कि मसीह तीन प्रमुख चरणों में अब्राहम की विरासत को प्राप्त एवं वितरित करता है। सबसे पहला, उसके राज्य के उद्घाटन में जो उसके पहले आगमन में घटित हुआ था; दूसरा, उसके राज्य की निरंतरता में जो उसके पहले आगमन के बाद लेकिन उसकी वापसी से पहले के पूरे इतिहास भर में फैला है; और तीसरा, उसके राज्य की परिपूर्णता पर उसकी महिमामय वापसी में। जब वह परमेश्वर पिता के दाहिने हाथ पर बैठा सब पर राज्य कर है तो वह अब्राहम की विरासत को बढ़ते हुए माप में प्राप्त करना एवं वितरित करना जारी रखे हुए है। और उस दिन जब वह महिमा के साथ वापस आयेगा तो अब्राहम की विरासत को पूर्णतः प्राप्त करेगा एवं पूरी रीति से वितरित करेगा।

एक शब्द में, यह समझना महत्वपूर्ण है कि गलातियों 3:16 में पौलुस ने एक बहुत ही जटिल ईश्वरीय-ज्ञान के दृष्टिकोण को कुछ ही शब्दों में सारांशित किया था। जब पौलुस ने कहा कि प्रतिज्ञा अब्राहम और उसके एक बीज के लिए थी, और फिर मसीह के रूप में उस बीज को पहचाना, तो वह यह नहीं कह रहा था कि उत्पत्ति की पुस्तक में "बीज" सीधे तौर पर यीशु को इंगित कर रहा था। इसके बजाय, पौलुस ने प्रतीकात्मकता के संक्षिप्त किए गए नमूने में बात की जो इसहाक और मसीह के बीच मौजूद थी। इस बात को और अच्छी तरह से बताने के लिए, हम इसको इस तरह रख सकते हैं: जिस तरह अपनी पीढ़ी में इसहाक अब्राहम का प्रमुख उत्तराधिकारी था, नए नियम के युग में मसीह अब्राहम का सबसे बड़ा पुत्र है, और अब्राहम का प्रमुख उत्तराधिकारी है।

## प्रमुख विषय

अब्राहम के बीज के रूप में मसीह के महत्व को पूरी तरह से देखने के लिए, इन मुद्दों को चार प्रमुख विषयों के संदर्भ में खोजने में मदद मिलेगी जिन्हें हमने अब्राहम की कहानियों में देखा था। आपको याद होगा कि हमने उत्पत्ति के अध्यायों में इन चार प्रमुख विषयों को देखा था: ईश्वरीय अनुग्रह, अब्राहम की वफादारी, अब्राहम के लिए परमेश्वर की आशीषें, और अब्राहम के माध्यम से आशीषें। अब्राहम और मसीह के बीच मौजूद संबंधों के प्रकाश में इन विषयों को हमें कैसे समझना चाहिए?

## ईश्वरीय अनुग्रह

पहले स्थान पर, हमने देखा था कि अब्राहम के जीवन में परमेश्वर ने बहुत अनुग्रह दिखाया था। बेशक, अब्राहम के पास व्यक्तिगत अनुग्रह होना जरूरी था क्योंकि वह एक पापी मनुष्य था, लेकिन इससे हटकर, अब्राहम के प्रति परमेश्वर की दया परमेश्वर की करुणा का एक आदर्श प्रदर्शन भी था। अब्राहम के साथ संबंध बनाने के द्वारा, वास्तव में परमेश्वर ने पूरी दुनिया के उद्धार को बढ़ावा दिया।

अब जबकि अब्राहम के जीवन पर परमेश्वर ने बहुतायत से करुणा की, तो मसीही होने के नाते हम विश्वास करते हैं कि कुल-पिता के प्रति परमेश्वर का अनुग्रह मसीह में दिखाए गई दया की छाया से थोड़ा अधिक था। बेशक, मसीह स्वयं पापरहित था इसलिए उसने स्वयं के लिए बचाने वाले अनुग्रह को



**वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org**

नहीं प्राप्त किया, लेकिन फिर भी अब्राहम के बीज के रूप में मसीह का आगमन दुनिया के लिए परमेश्वर की दया का एक महान निष्पक्ष कार्य था।

परमेश्वर ने मसीह के पहले आगमन में, राज्य के उद्घाटन में बहुत दया दिखाई थी। उसका जीवन, उसकी मौत, पुनरुत्थान, और स्वर्गारोहण और पवित्र आत्मा का उंडेला जाना परमेश्वर के अनुग्रह के शानदार प्रदर्शन थे। और जब मसीह अपने राज्य की निरंतरता के दौरान अब स्वर्ग में राज कर रहा है, तो परमेश्वर और भी ज्यादा दया को दिखा रहा है। जैसे-जैसे उद्धार संसार भर में फैल रहा है, परमेश्वर ने पूरे इतिहास भर में संसार के निर्विवाद बदलाव के लिए मसीह में प्रकट दयालुता को दिखाया है। और जब मसीह लौटता है, राज्य की परिपूर्णता अतुलनीय माप में दयालुता को लेकर आयेगी। मसीह वापस आयेगा और नए आकाश और नई पृथ्वी को लाएगा। मसीह के अनुयायियों के रूप में, हर बार जब हम अब्राहम की कहानियों में परमेश्वर को दया दिखाते हुए देखते है, तो हमारे दिल और दिमाग को मसीह में उसके राज्य के इन तीन चरणों में प्रकट दया की ओर मुड़ना चाहिए।

## अब्राहम की वफादारी

दूसरे स्थान पर, अब्राहम के जीवन पर मूसा की प्रस्तुति में दूसरा महत्वपूर्ण विषय परमेश्वर के प्रति अब्राहम की वफादारी थी। शुरूआत में, परमेश्वर ने अब्राहम को प्रतिज्ञा किए हुए देश में प्रवास करने की जिम्मेदारी को पूरा करने की आज्ञा दी थी। लेकिन अब्राहम के पूरे जीवन भर भी परमेश्वर ने उसे कई दूसरी आज्ञाओं को मानने की जिम्मेदारी दी थी। मसीही होने के नाते जब हम अब्राहम की जिम्मेदारियों के बारे में पढ़ते हैं, तो अब्राहम के बीज मसीह की ओर और अपने स्वर्गीय पिता के प्रति उसकी वफादारी की ओर हमें अपने दिलों और दिमागों को मुड़ता हुआ पाना चाहिए।

और निश्चित रूप से, मसीह अपने राज्य के सभी तीन चरणों में परमेश्वर पिता के प्रति वफादार था। राज्य के उद्घाटन में, वफादारी के लिए परमेश्वर की शर्त के प्रति मसीह स्वयं पूरी तरह से विश्वासयोग्य साबित हुआ। यद्यपि बहुत महत्वपूर्ण तरीकों में अब्राहम परमेश्वर के प्रति वफादार था, फिर भी मसीह अपने जीवन के प्रत्येक पल में सिद्धता के साथ विश्वासयोग्य था। और इससे भी अधिक, राज्य की निरंतरता के दौरान सभी के ऊपर एक राजा के रूप में मसीह अपने स्वर्गीय पिता के प्रति सच्चा और विश्वासयोग्य बना रहता है। सुसमाचार को फैलाने और अपने लोगों का उद्धार करने के द्वारा वह परमेश्वर के उद्देश्यों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर राज करता है।

आखिर में, जब राज्य की परिपूर्णता पर मसीह वापस आयेगा तो वह धार्मिकता के उस कार्य को पूरा करेगा जिसे उसने पृथ्वी पर अपने जीवनकाल में शुरू किया था। वह परमेश्वर के सभी शत्रुओं का नाश करेगा और अपने पिता की महिमा के लिए सभी वस्तुओं को नया बनायेगा। इसलिए, हर बार जब हम परमेश्वर के प्रति अब्राहम की वफादारी वाले विषय को देखते हैं, तो हम जानते हैं कि मसीही होने के नाते हम इन बातों को आधुनिक संसार के लिए उचित रीति से तभी लागू कर सकते हैं जब हम इन्हें अब्राहम के बीज, मसीह से उचित रीति से जोड़ते हैं।

## अब्राहम के लिए आशीषें

तीसरे स्थान पर, मसीही होने के नाते हम लोग सिर्फ यह देखने में रुचि नहीं रखते कि मसीह में किस तरह से ईश्वरीय अनुग्रह और मानवीय वफादारी के विषय हमारे दिनों में लागू होते हैं, परन्तु

साथ में हम अब्राहम के जीवन के तीसरे प्रमुख विषय पर भी अधिक रुचि रखते हैं: अब्राहम के लिए परमेश्वर की आशीषें। परमेश्वर ने अब्राहम से कहा था कि इस्राएल एक महान राष्ट्र बनेगा, कि प्रतिज्ञा किए हुए देश में राष्ट्र के पास समृद्धि आयेगी, और कि, अब्राहम एवं इस्राएल का विश्वविख्यात, एक महान नाम होगा।

अब, एक बार फिर मसीही होने के नाते हमारे दिमागों को उन आशीषों की ओर देखना चाहिए जिन्हें परमेश्वर ने अब्राहम के बीज, मसीह को दिया था। अपने पहले आगमन में, मसीह मृतकों में से जिलाया गया था और स्वर्ग एवं पृथ्वी का सारा अधिकार उसने प्राप्त किया था; और स्वर्ग एवं पृथ्वी में कोई ऐसा नाम नहीं है जो यीशु के नाम के समान महान है। यीशु राज्य की निरंतरता के दौरान अभी सारी आशीषों की बढ़ोतरी का आनंद ले रहा है। जब मसीह परमेश्वर की इच्छा के अनुसार संसार पर राज्य करता है तो वह स्वयं के लिए ज्यादा से ज्यादा महिमा प्राप्त कर रहा है। परन्तु राज्य की परिपूर्णता में, जब मसीह महिमा के साथ वापस आयेगा तो वह इन आशीषों का असीम आनंद लेगा। वह सबसे ऊँचा किया जायेगा और हर एक घुटना उसके सामने झुकेगा, जो अब्राहम का महान पुत्र है। इसलिए जब कभी हम अब्राहम को परमेश्वर से आशीषें पाता देखते हैं, तो हमारी आँखों को मसीह की मुड़नी चाहिए जो अब्राहम की आशीषों का वारिस है और परमेश्वर की आशीषों का और अधिक माप में आनंद लेता है।

## अब्राहम के माध्यम से आशीषें

आखिर में, अब्राहम के जीवन में चौथा प्रमुख विषय है वे आशीषें जो दूसरे लोगों के लिए अब्राहम के माध्यम से आयेंगी। परमेश्वर ने कहा था कि आशीष और श्राप देने की प्रक्रिया के द्वारा, पृथ्वी भर के सभी लोग अब्राहम के माध्यम से आशीषित होंगे। यह भव्य प्रतिज्ञा नए नियम में अधिक ध्यान दिए जाने का केंद्र है। रोमियों 4:13 में अब्राहम के लिए इस प्रतिज्ञा को जिस तरीके से पौलुस ने संदर्भित किया है उसे सुनिए। वहां वह कहता है,

> **क्योंकि यह प्रतिज्ञा कि वह जगत का वारिस होगा, न इब्राहीम को, न उसके वंश को व्यवस्था के द्वारा दी गई थी, परन्तु विश्वास की धार्मिकता के द्वारा मिली। (रोमियों 4:13)**

यहाँ पर ध्यान दें कि जब परमेश्वर ने अब्राहम से प्रतिज्ञा की थी कि वह सभी जातियों को आशीषित करेगा, उसने प्रतिज्ञा की थी कि सभी जातियों पर अधिकार लेने और परमेश्वर के राज्य को पूरे संसार में फैलाने के द्वारा यह प्रतिज्ञा पूरी होगी। अब्राहम और उसके वंशजों को सभी देशों का मुखिया बनकर संसार का उत्तराधिकारी होना था। जिस तरह आरंभ में आदम और हव्वा से पृथ्वी को वश में करने के लिए बोला गया था, परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी कि अब्राहम और उसके वंशज सब देशों की सभी जातियों के लिए परमेश्वर की आशीषों को फैलाने के द्वारा समस्त पृथ्वी के उत्तराधिकारी बनेंगे।

अब, अब्राहम की आशीषों का दुनिया भर में वितरण का यह अंतिम विषय मसीह पर भी लागू होता है क्योंकि वह अब्राहम का बीज और अब्राहम की प्रतिज्ञाओं का वारिस है। राज्य के उद्घाटन में, मसीह ने इस्राएल देश से विश्वासयोग्य लोगों को बुलाया था। लेकिन जब वह मृतकों में से जीवित होकर स्वर्ग में अपने सिंहासन पर विराजमान हुआ, तो उसे सारी पृथ्वी के राजा के रूप में ठहराया गया और उसने अपने विश्वासयोग्य चेलों से इस्राएल की आशीषों को सभी देशों में फैलाने के लिए

कहा। साम्राज्य की निरंतरता के दौरान, सुसमाचार के द्वारा सभी देशों के ऊपर मसीह के शासन का फैलाव सभी देशों को आशीषित करने के लिए अब्राहम को दी गई प्रतिज्ञा का पूरा होना और जब राज्य की परिपूर्णता के समय मसीह वापस आता है, तो वह परमेश्वर की आशीषों को पृथ्वी की सभी जातियों के लिए विस्तारित करेगा। जैसा कि हम प्रकाशितवाक्य 22:1-2 में पढ़ते हैं:

> **फिर उस ने मुझे बिल्लौर की सी झलकती हुई, जीवन के जल की एक नदी दिखाई, जो परमेश्वर और मेंम्ने के सिंहासन से निकल कर उस नगर की सड़क के बीचों बीच बहती थी। और नदी के इस पार; और उस पार, जीवन का पेड़ था: उस में बारह प्रकार के फल लगते थे, और वह हर महीने फलता था; और उस पेड़ के पत्तों से जाति जाति के लोग चंगे होते थे। (प्रकाशितवाक्य 22:1-2)।**

यह प्रतिज्ञा कि अब्राहम सभी जातियों के लिए आशीष ठहरेगा अंततः मसीह के राज्य के उद्घाटन, निरंतरता और परिपूर्णता में पूरा होता है।

इसलिए, हम इस बात को इस तरीके से सारांशित कर सकते हैं। हमारे संसार के लिए अब्राहम के जीवन के उचित आधुनिक अनुप्रयोग में अब्राहम के बीज के रूप में मसीह की भूमिका का एक अंतर्निहित अभिज्ञान हमेशा शामिल होना चाहिए। अब्राहम के विशेष बीज के रूप में, केवल मसीह वह है जो अब्राहम के जीवन में दिखाई देने वाले विषयों को परिपूर्ण या पूरा करता है। परमेश्वर की दया मसीह में दिखाई गई है; मसीह में सच्ची एवं सिद्ध वफादारी पाई जाती है; मसीह ने उन सारी आशीषों को पाया जिनकी प्रतिज्ञा अब्राहम से की गई थी, और मसीह में हम संसार के छोर तक अब्राहम की समृद्ध आशीषों को फैलते हुए देखते हैं। आधुनिक अनुप्रयोग के बारे में हम जो कुछ भी और कहें, यह आवश्यक है कि अब्राहम और यीशु मसीह के बीच इन संबंधों को हम याद रखें।

अब जबकि हम देख चुके हैं कि किस तरह अब्राहम और यीशु मसीह के बीच का संबंध अब्राहम की कहानियों और आज हमारे संसार के बीच महत्वपूर्ण संबंध को बनाता है, हमें आधुनिक अनुप्रयोग के दूसरे पहलू, इस्राएल और कलीसिया के बीच संबंध की ओर मुड़ना चाहिए।

## इस्राएल और कलीसिया

हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि जब मूसा ने पहली बार अब्राहम के जीवन की कहानी को लिखा, तो उसने इन बातों के बारे में इसलिए लिखा ताकि इस्राएली लोगों को मिस्र को पीछे छोड़ने और प्रतिज्ञा किए हुए देश में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्हें अब्राहम के जीवन में इस दर्शन के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को खोजना था; उन्हें अब्राहम के जीवन की कहानियों में अनुसरण करने और अस्वीकार करने के लिए उदाहरणों को ढूंढकर इस दर्शन को पूरा करना था; और उन्हें अब्राहम के जीवन में अपने अनुभवों के पूर्वाभास को भी देखना था। इस कारण से, यदि हम यह देखने जा रहे हैं कि अब्राहम की कहानियाँ किस तरह से आधुनिक संसार पर लागू होती हैं, तो हमें ध्यान रखना चाहिए कि मूसा के पीछे चल रहे इस्राएल देश और आज की मसीही कलीसिया के बीच संबंधों के बारे में नया नियम क्या सिखाता है।

इस्राएल और कलीसिया के बीच इस संबंध का पता लगाने के लिए, हम दो विषयों को देखेंगे जो हमारी पिछली चर्चा के समानांतर हैं। सबसे पहले, हम अब्राहम के बीज वाले विषय की और ज्यादा खोजे करेंगे जिस तरह से वह इस्राएल देश और मसीह की कलीसिया पर लागू होता है। और दूसरा, हम देखेंगे कि अब्राहम के बीज वाला विषय अब्राहम के जीवन की कहानियों के चार प्रमुख विषयों में किस तरह से व्यक्त किया गया है। आइये सबसे पहले इस्राएल और कलीसिया को अब्राहम के बीज के रूप में देखते हैं।

## अब्राहम का बीज

अब्राहम के बीज के रूप में इस्राएल और कलीसिया के बीच संबंधों को देखने के लिए हम चार बातों को संक्षेप में देखेंगे। सबसे पहले, हम अब्राहम के बीज की संख्यात्मक विस्तार को देखेंगे। दूसरा, हम उसके बीज की जातीय पहचान पर ध्यान देंगे। तीसरा, हम अब्राहम के बीज के आध्यात्मिक चरित्र पर ध्यान-मनन करेंगे। और चौथा, हम अब्राहम के बीज की ऐतिहासिक परिस्थिति को देखेंगे। आइये अब्राहम के बीज की संख्यात्मक विस्तार पर विचार करते हैं।

### संख्यात्मक विस्तार

जैसा कि हमने अभी देखा, उत्पत्ति की पुस्तक स्पष्ट करती है कि "अब्राहम के बीज" को उस समय पर एक विशेष व्यक्ति, इसहाक, के लिए संदर्भित किया गया था, और नया नियम अब्राहम और मसीह के बीच संबंध को स्थापित करने के लिए इस बात को आधार बनाता है। लेकिन अब हमें अब्राहम के बीज के बाइबल वाले दृष्टिकोण की दूसरी विशेषता को देखने के लिए अपने दर्शन को बढ़ा करना चाहिए। अब्राहम की कहानियों में इसहाक ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति नहीं था जिसको अब्राहम का बीज या संतान कहा गया था। इसहाक ने अब्राहम की विरासत को सिर्फ अपने लिए ही प्राप्त नहीं किया था। वह एक बहता हुआ सोता भी था जिसके माध्यम से कई और लोग अब्राहम के वंशज होने की स्थिति का आनंद ले सकेंगे। इस कारण से, मूसा ने बार-बार इस्राएल देश को अब्राहम के बीज के रूप में भी बताया था। और बहुत कुछ इसी रूप में, जब हम अब्राहम की कहानियों को अपने आधुनिक संसार पर लागू करते हैं, तो भले ही यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि नए नियम में मसीह अब्राहम का सर्वोच्च बीज है, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मसीही कलीसिया अब्राहम का बीज है। जैसे कि पौलुस ने गलातियों 3:29 में कहा है,

> **और यदि तुम मसीह के हो, तो इब्राहीम के वंश और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस भी हो (गलातियों 3:29)।**

जैसे कि पौलुस ने इस अनुच्छेद में स्पष्ट किया है, हम अब्राहम के साथ इसलिए संबंधित हैं क्योंकि हम मसीह के साथ जुड़ें हैं। हम लोग, पुराने नियम में इस्राएल देश के समान, अब्राहम के बीज हैं। इस कारण से, अब्राहम की कहानियाँ सामान्य तरीके से स्वयं मसीह के लिए ही लागू नहीं होती, लेकिन अब्राहम के कई बच्चों के फैलाव के लिए भी जो उसके साथ कलीसिया में पहचाने गए हैं।

## जातीय पहचान

अब इस तथ्य से बढ़कर कि पुराने नियम में इस्राएल अब्राहम का बीज था और आज मसीही कलीसिया है, हमें दोनों नियमों में अब्राहम के बीज की जातीय पहचान पर भी बातचीत करनी चाहिए। जैसा कि हमने देखा, अब्राहम की कहानियाँ पहले स्थान पर इस्राएल देश के लिए लिखी गई थी जो मूसा के पीछे चल रहे थे। जबकि यह निश्चित रूप से सच है कि मूल श्रोताओं में अधिकांश यहूदी जाति के लोग शामिल थे, अर्थात अब्राहम के शारीरिक वंशज, लेकिन यह सोचना गलत होगा कि मूल श्रोता लोग पूरी रीति से या केवल यहूदी थे। लोगों का बड़ा समूह जो मूसा के पीछे चला उसमें यहूदियों और अन्यजातियों का एक मिश्रित समूह था जिन्हें इस्राएल देश में सम्मिलित किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, पवित्र शास्त्र इस बात को स्पष्ट करता है कि उत्पत्ति की पुस्तक के मूल श्रोता सिर्फ यहूदी नहीं थे।

उदाहरण के लिए, निर्गमन 12:38 में मूसा के पीछे चलने वालों का किस रीति से वर्णन किया गया है, उसे सुनिए:

> **और उनके साथ मिली जुली हुई एक भीड़ गई, और भेड़-बकरी, गाय-बैल, बहुत से पशु भी साथ गए (निर्गमन 12:38)।**

यहाँ पर ध्यान दें कि इस्राएलियों में "अन्य लोग" शामिल हैं। इस भीड़ में ऐसे गैर-यहूदी शामिल थे जो इस्राएल के साथ जुड़ गए थे और उन्होंने उनके साथ मिस्र देश को छोड़ा था। पवित्र शास्त्र में कई बार इस समूह का वर्णन किया गया है। बहुत कुछ इसी तरह, पुराने नियम के बाद वाले हिस्से बताते हैं कि राहाब और रूथ जैसे जाने-माने गैर-यहूदियों को बाद की पीढ़ीयों में इस्राएल में जोड़ा (साठा) गया था, और पहला इतिहास 1-9 की वंशावली परमेश्वर के लोगों के नामों में गैर-यहूदियों को शामिल करती है।

इस तरह हम देखते हैं कि अब्राहम का बीज जिन के लिए मूल रूप से मूसा ने अब्राहम की कहानियों को लिखा था, वह जातीय रूप से मिश्रित समूह था। इसमें अब्राहम के शारीरिक वंशज और गैर-यहूदी लोग शामिल थे जिन्हें इस्राएल के परिवार में अपना लिया गया था। दोनों समूहों ने अब्राहम की कहानियों के माध्यम से प्रतिज्ञा किए हुए देश में अपने भविष्य के बारे में जाना था।

बहुत कुछ इसी तरह, मसीही कलीसिया आज जातीय रूप में विविध है। इसमें वे यहूदी लोग शामिल हैं जो मसीह को अपने प्रभु के रूप में मानते हैं और गैर-यहूदी हैं जिन्हें अब्राहम के परिवार में अपनाया गया है क्योंकि वे भी मसीह को प्रभु के रूप में मानते हैं। अब, यह सुनिश्चित करने के लिए, जैसा कि इतिहास ने खुलासा किया है, नए नियम की कलीसिया यहूदियों की तुलना में ज्यादा गैर-यहूदियों को अपना कर बढ़ गई है, लेकिन अब्राहम के बीज की जातीय विविधता आज भी एक वास्तविकता है जैसे कि वह पुराने नियम में थी। इसलिए, जिस तरह अब्राहम की कहानियों को पहले अब्राहम के बीज के रूप में गिने गए यहूदियों और गैर-यहूदियों को दिया गया था, हमें आज यहूदियों और गैर-यहूदियों के लिए अब्राहम की कहानियों को लागू करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन्हें अब अब्राहम के बीज के रूप में गिना जाता है क्योंकि वे पूरी दुनिया में कलीसिया में हैं।

आधुनिक अनुप्रयोग का यह एक महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि बहुत सारे मसीही लोगों ने इस झूठी शिक्षा का समर्थन किया है कि अब्राहम के लिए दी गई प्रतिज्ञाएं केवल यहूदियों की जाति पर ही लागू होती हैं। इस विचारधारा में, गैर-यहूदी विश्वासियों के लिए परमेश्वर के पास अलग योजना है। इधर उधर कुछ आध्यात्मिक सिद्धांतों के अलावा, गैर-यहूदी विश्वासी लोग अब्राहम को दी गई प्रतिज्ञाओं के वारिस नहीं हैं। अब जितना भी लोकप्रिय यह दृष्टिकोण हो सकता है, हमें हमेशा याद रखना है कि अब्राहम का बीज मूसा के दिनों में जातीय रूप से विविध था और आज भी अब्राहम का बीज जातीय रूप से विविध लोगों का है। जो कुछ मूसा ने अपने पीछे चल रहे इस्राएल देश को सिखाया आज उस देश की निरंतरता, यानी यीशु मसीह की कलीसिया पर भी लागू होता है।

## आध्यात्मिक चरित्र

तीसरे स्थान पर, अब्राहम के जीवन के आधुनिक अनुप्रयोग को अब्राहम के बीज के रूप में इस्राएल और कलीसिया के आध्यात्मिक चरित्र को भी ध्यान में रखना चाहिए। जैसा कि हमने देखा है, पुराना नियम दृश्यमान इस्राएल देश को अब्राहम के बीज के रूप में पहचानता है, अब्राहम का सामूहिक बीज, लेकिन हमें यह समझने की आवश्यकता है कि दृश्यमान इस्राएल देश में आध्यात्मिक विविधता थी। उसमें अविश्वासी एवं सच्चे विश्वासी दोनों लोग थे। पुराने नियम का लेख स्पष्ट करता है कि इस्राएल देश में कई पुरुष, महिलाएं और बच्चे वास्तव में विश्वास नहीं करते थे, लेकिन अन्य लोग सच्चे विश्वासी थे जो परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर भरोसा करते थे। यह सुनिश्चित है, कि इस्राएल में हर एक व्यक्ति ने, विश्वासी और अविश्वासी दोनों ने, परमेश्वर से बहुत सारी भौतिक आशीषों को प्राप्त किया था। उन सभी को मिस्र में की गुलामी से छुटकारा दिया गया था; सीनै पर्वत पर उन सब को परमेश्वर के साथ वाचा में बाँधा गया था; उनके पास विश्वास करने के लिए कई सुअवसर थे और उन सब को प्रतिज्ञा किए हुए देश में प्रवेश की पेशकश की गई थी। लेकिन कई महत्वपूर्ण भिन्नताएँ भी थीं। एक ओर, इस्राएल में अविश्वासियों ने बेवफाई से अपने दिलों के असली चरित्र को दिखाया। और उन लोगों को सच्चे पश्चाताप और उद्धार देने वाले विश्वास हेतु बुलावा देने के लिए अब्राहम की कहानियों को बनाया गया था।

दूसरी ओर, इस्राएल के भीतर सच्चे विश्वासियों ने परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर विश्वास किया और अपनी निष्ठा के द्वारा अपने दिलों के सच्चे चरित्र को दिखाया था। इन सच्चे विश्वासियों को उनके विश्वास में बढ़ने हेतु अब्राहम की कहानियों को बनाया गया था। अब अपनी बेवफाई के कारण, इस्राएल के भीतर अविश्वासियों ने सिर्फ भौतिक आशीषों को प्राप्त किया था। लेकिन अनंत-काल में वे परमेश्वर के अंतिम, अनंत न्याय को प्राप्त करेंगे। वे सच्चे विश्वासी ही थे जो अब्राहम के सच्चे बीज थे, उसके आध्यात्मिक वंशज, वे बच्चे जिन्होंने न सिर्फ कई भौतिक आशीषों का आनंद लिया बल्कि एक दिन नए आकाश और नई पृथ्वी में अब्राहम की विरासत के अनंत आशीष को प्राप्त करेंगे। पौलुस ने इस दृष्टिकोण पर रोमियों 9:6-8 में बलपूर्वक तर्क दिया है। उसने वहाँ पर क्या कहा उसे सुनिए।

> **परन्तु यह नहीं, कि परमेश्वर का वचन टल गया, इसलिये कि जो इस्राएल के वंश हैं, वे सब इस्राएली नहीं। और न इब्राहीम के वंश होने के कारण सब उस की सन्तान ठहरे, परन्तु लिखा है कि इसहाक ही से तेरा वंश कहलाएगा। अर्थात शरीर की सन्तान परमेश्वर की सन्तान नहीं, परन्तु प्रतिज्ञा के सन्तान वंश गिने जाते हैं। (रोमियों 9:6-8)**

खैर, यह देखना कतई भी मुश्किल नहीं है कि इसी तरह की आध्यात्मिक विविधता मसीह की कलीसिया में भी मौजूद है। बपतिस्मा के द्वारा जो लोग नए नियम में दृश्यमान कलीसिया के साथ जुड़े हैं, उनमें दो प्रकार के लोग शामिल हैं: अविश्वासी एवं विश्वासी। बेशक, जिस तरह पुराने नियम में सभी लोगों ने परमेश्वर और उसके लोगों के साथ संबंधित होने के कारण कई अस्थाई लाभों का आनंद लिया, उसी तरह मसीह की कलीसिया में शामिल सभी लोगों के लिए कई सारी अस्थाई आशीषें हैं। उनके पास प्रेम करने वाला समुदाय है; उनके पास परमेश्वर का वचन और मसीही संस्कार हैं; उन्हें सुसमाचार समझाया गया और पेश किया गया है। लेकिन दृश्यमान कलीसिया के भीतर कई लोग अपनी बेवफाई के द्वारा अपने दिलों के असली चरित्र को दिखाते हैं। और कलीसिया में इन अविश्वासी लोगों को सच्चे पश्चाताप और उद्धार देने वाले विश्वास हेतु बुलावा देने के लिए अब्राहम की कहानियों को लागू किया जाना है।

लेकिन दृश्यमान कलीसिया के भीतर भी ऐसे विश्वासी हैं जो परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर भरोसा रखते हैं और अपनी निष्ठा के द्वारा अपने दिलों के चरित्र को दिखाते हैं। इन सच्चे विश्वासियों पर उनके जीवन भर में उनके विश्वास में बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने के द्वारा अब्राहम की कहानियों को लागू किया जाना है। अब अपनी बेवफाई के कारण, कलीसिया के भीतर अविश्वासी लोग सिर्फ अस्थाई आशीषों को प्राप्त करेंगे। अनंत काल में, वे परमेश्वर के अनंत न्याय को पायेंगे। लेकिन अब्राहम के सच्चे बीज, अब्राहम के सच्चे बच्चे, वे जिन्होंने मसीह पर भरोसा किया है, उन्हें न केवल अस्थाई आशीषें मिलेंगी, बल्कि एक दिन वे अपना अनंत इनाम भी पायेंगे, नए आकाश और नई पृथ्वी में अब्राहम की विरासत।

इसी कारण से याकूब ने अब्राहम के बारे में लिखा जैसा कि वह याकूब 2:21-22 में कहता है। अविश्वासी और सच्चे विश्वासी के साथ दृश्यमान मसीही कलीसिया को लिखते हुए, वह इन वचनों को कहता है,

> **जब हमारे पिता इब्राहीम ने अपने पुत्र इसहाक को वेदी पर चढ़ाया, तो क्या वह कर्मों से धार्मिक न ठहरा था? सो तू ने देख लिया कि विश्वास ने उस के कामों के साथ मिल कर प्रभाव डाला है और कर्मों से विश्वास सिद्ध हुआ (याकूब 2:21-22)।**

यहाँ पर याकूब का मुख्य विचार था कि अब्राहम की कहानियाँ कलीसिया में अविश्वासियों को अपने पाखंड से फिरने के लिए चुनौती देती हैं और वे कलीसिया में सच्चे विश्वासियों को विश्वासयोग्य जीवन जीने के माध्यम से अपने विश्वास को व्यक्त करने को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। और आज जब हम अब्राहम की कहानियों का आधुनिक अनुप्रयोग करते हैं तो कलीसिया की आध्यात्मिक विविधता को पहचानने के द्वारा हमें याकूब के उदाहरण का पालन करना चाहिए।

## ऐतिहासिक परिस्थितियाँ

चौथे स्थान पर, आधुनिक दुनिया में अब्राहम के जीवन को लागू करने के लिए, हमें यह भी याद रखना चाहिए कि मूसा के पीछे चल रहे इस्राएल और आज मसीही कलीसिया के ऐतिहासिक परिस्थितियों के बीच महत्वपूर्ण समानता है। आपको याद होगा कि मूसा ने अब्राहम के जीवन के बारे में उन इस्राएलियों के लिए लिखा जो यात्रा पर थे। चाहे उसने पहली या दूसरी पीढ़ी के लिए लिखा,

उसके मूल श्रोता दो संसार के बीच यात्रा कर रहे थे। एक ओर तो, उन्होंने मिस्र में गुलामी को छोड़ा था। लेकिन दूसरी ओर उन्होंने अभी तक प्रतिज्ञा किए हुए कनान देश में प्रवेश नहीं किया था। या इसे दूसरे तरीके से कहें तो, इस्राएल देश ने अपनी पुरानी दुनिया से प्रारंभिक छुटकारा पाया था, लेकिन वे अभी तक अपनी नई दुनिया में प्रवेश नहीं कर पाए थे। और इसके परिणामस्वरूप, मिस्र से अपने सभी लगावों को त्यागने और देश की जीत की ओर आगे बढ़ने हेतु, मूसा ने इस्राएलियों को प्रोत्साहित करने के लिए लिखा था।

आधुनिक अनुप्रयोग के लिए मूल श्रोताओं की ऐतिहासिक स्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि आज मसीही कलीसिया भी समानांतर ऐतिहासिक स्थिति में है। जिस तरह से इस्राएल को मिस्र में की गुलामी से छुटकारा दिया गया था, लेकिन वे प्रतिज्ञा किए हुए देश की महिमामय जीवन की ओर अभी भी आगे बढ़ रहे थे, उसी तरह से मसीह की कलीसिया को उस कार्य के द्वारा पाप के प्रभुत्व से छुटकारा दिया गया है जिसे मसीह ने पूरा किया था जब वह इस दुनिया में था, लेकिन वह अभी भी नई सृष्टि की ओर आगे बढ़ रही है जो उस समय पूरा होगा जब मसीह वापस आयेगा। ये समानांतर स्थितियाँ आज हमें कलीसिया में अब्राहम के जीवन के अनुप्रयोग को बनाने के लिए एक संदर्भ प्रदान करती हैं। जिस तरह इस्राएल को एक जगह से दूसरी जगह जाने की उनकी यात्रा में प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के लिए मूसा ने अब्राहम के बारे में लिखा था, उसी तरह उसकी कहानियाँ मौत की इस दुनिया से अनंत जीवन की नई दुनिया तक हमारी यात्रा में हमारा प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन करती हैं।

हम लोग आश्वस्त हो सकते हैं कि ये ऐतिहासिक समानांतर, अनुप्रयोग की ओर इस प्रकार का झुकाव प्रदान करता है क्योंकि प्रेरित पौलुस ने जब वह पुराने नियम को कुरिन्थियों की कलीसिया पर लागू करता है तो इनसे अर्थ निकाला था। 1 कुरिन्थियों 10:1-6 में मूसा के श्रोताओं और कलीसिया के बीच ऐतिहासिक समानांतरों के बारे में वह जिस तरह लिखता है उसे सुनिए।

> **हे भाइयों, मैं नहीं चाहता, कि तुम इस बात से अज्ञात रहो, कि हमारे सब बाप दादे बादल के नीचे थे, और सब के सब समुद्र के बीच से पार हो गए। और सब ने बादल में, और समुद्र में, मूसा का बपितिस्मा लिया। और सब ने एक ही आत्मिक भोजन किया। और सब ने एक ही आत्मिक जल पीया, क्योंकि वे उस आत्मिक चट्टान से पीते थे, जो उन के साथ-साथ चलती थी; और वह चट्टान मसीह था। परन्तु परमेश्वर उन में के बहुतेरों से प्रसन्न न हुआ, इसलिये वे जंगल में ढेर हो गए। ये बातें हमारे लिये दृष्टान्त ठहरी, कि जैसे उन्होंने लालच किया, वैसे हम बुरी वस्तुओं का लालच न करें (1 कुरिन्थियों 10:1-6)।**

साधारण शब्दों में, पौलुस ने लिखा कि मूसा के पीछे चलने वाले इस्राएलियों ने उन चीज़ों का अनुभव किया था जो मसीही लोगों के अनुभवों के समानांतर था। जिस तरह हमें मसीह के द्वारा छुटकारा दिया गया है वैसे ही उन्हें भी मूसा के द्वारा छुटकारा दिया गया था। जिस तरह मसीही लोगों ने मसीह में बपतिस्मा पाया है वैसे ही उन्हें मूसा में बपतिस्मा दिया गया था। उन्होंने मन्ना खाया और परमेश्वर द्वारा दिए गए पानी को पीया जैसे मसीही लोग प्रभु भोज के संस्कार में खाते व पीते हैं। फिर भी, अनुग्रह के इन शुरुआती अनुभवों ने इस्राएल को परखने वाली अवधि में रखा, परखने की एक अवधि जब वे प्रतिज्ञा किए हुए देश की ओर चल रहे थे। और दुःख की बात है, कि मूसा के दिनों में परमेश्वर ज्यादातर इस्राएलियों से खुश नहीं था और वे जंगल में ही मर गए। इसलिए पौलुस ने निष्कर्ष निकाला कि मसीही लोगों को एक कलीसिया के रूप में अपनी यात्रा के स्वरूप के बारे में इस्राएल के अनुभव से



**वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org**

सीखना चाहिए। पौलुस के उदाहरण से, हम अब्राहम के जीवन को मसीही कलीसिया पर लागू करने के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जब इस्राएली लोगों ने पीछे उस कार्य को देखा जो परमेश्वर ने उन्हें मिस्र से छुटकारा दिलाने के लिए किया था और जब वे प्रतिज्ञा किए हुए देश की ओर आगे बढ़ रहे थे, तो अब्राहम के जीवन के बारे में मूसा की कहानियों ने इस्राएल को वफादार बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया था। बहुत कुछ इसी तरह, हमें अब्राहम की कहानियों को आज कलीसिया के लिए ऐसे तरीकों से लागू करना चाहिए जो हमारी यात्रा में हमें प्रोत्साहित कर सकें। हमें राज्य के उद्घाटन में किए गए मसीह के कार्यों के कारण उसके प्रति वफादार बने रहना चाहिए। जब हमारे दिनों में उसका राज्य बढ़ रहा है तो हमें निरंतर उसके प्रति वफादार बने रहना चाहिए और हमें उस दिन की अभिलाषा करनी चाहिए जब हमारी आत्मिक यात्रा समाप्त हो जायेगी, अर्थात जब हम नए आकाश और नई पृथ्वी में प्रवेश करेंगे।

इस तरह हम देखते हैं कि जब हम अब्राहम के जीवन के आधुनिक अनुप्रयोग की ओर बढ़ते हैं, हमें न केवल अब्राहम और यीशु मसीह के बीच संबंधों पर अपना ध्यान देना चाहिए, बल्कि हमें इस्राएल देश जिन्होंने अब्राहम की कहानियों को पहले प्राप्त किया था और मसीही कलीसिया के बीच संबंधों पर भी ध्यान देना चाहिए। पुराने नियम का इस्राएल और नए नियम की कलीसिया दोनों अब्राहम के बीज हैं; हम दोनों की पहचान मिश्रित जाति वाली है; हम दोनों आध्यात्मिक रूप से विविध हैं और हम दोनों परमेश्वर के महिमामय राज्य के लक्ष्य के ओर एक यात्रा पर हैं।

## प्रमुख विषय

यह देखने के बाद कि अब्राहम के जीवन की कहानियाँ मसीही कलीसिया पर आज की दुनिया में अब्राहम के बीज की निरंतरता के रूप में लागू होती हैं, हमें यह भी देखना चाहिए कि अनुप्रयोग की यह प्रक्रिया अब्राहम के जीवन के लिए दिए गए अध्यायों के चार प्रमुख विषयों पर किस रीति से बातचीत करते हैं। मसीह में हमारे दैनिक जीवनों के बारे में इन आदर्शों का क्या कहना है?

जैसा कि आपको याद होगा कि अब्राहम की कहानियाँ चार प्रमुख विषयों पर बातचीत करती हैं: ईश्वरीय अनुग्रह, अब्राहम की वफादारी, अब्राहम के लिए परमेश्वर की आशीषें, और अब्राहम के माध्यम से आशीषें। आगे आने वाले पाठों में, हम बार-बार बताएंगे कि अब्राहम के बीज के रूप में ये विषय हमारे जीवनों से कैसे बातें करते हैं। इस बिंदु पर, हम संक्षेप में कुछ सामान्य दिशा-निर्देशों को पेश करेंगे जिनका हमें पालन करना चाहिए। ईश्वरीय अनुग्रह के विषय पर पहले विचार करें।

## ईश्वरीय अनुग्रह

परमेश्वर ने अब्राहम के प्रति न केवल उसके जीवन के आरंभ में, बल्कि पृथ्वी पर उसके जीवन के हर एक दिन बहुत करुणा दिखाई थी। और जैसे कि पवित्र शास्त्र स्पष्ट रूप से सिखाता है, कि ठीक जिस तरह परमेश्वर ने अब्राहम के प्रति करुणा दिखाई थी, परमेश्वर आज भी मसीही लोगों पर करुणा करता है जो हमें मसीह में उबारता एवं सँभाले रखता है। जैसा कि पौलुस ने इफिसियों 2:8-9 में लिखा है,



वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

**क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन परमेश्वर का दान है। और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे इफिसियों 2:8-9।**

मसीह में उद्धार परमेश्वर के अनुग्रह का उपहार है; यहाँ तक कि जो विश्वास हमारे पास है वह उसी से मिलता है। हम परमेश्वर की करुणा पर इतना ज्यादा निर्भर हैं कि अपने मसीही जीवनों के हर एक दिन हमें उस करुणा में जीवन जीना जारी रखना है। परमेश्वर के सँभालने वाले अनुग्रह के बगैर, वफादारी में बने रहने की हमारी सारी कोशिशें व्यर्थ हैं।

इसी कारण से, जिस तरह जब मूसा के पीछे चल रहे इस्राएलियों ने अब्राहम की कहानियों को सुना तो उन्हें अपने जीवनों में परमेश्वर के अनुग्रह के चमत्कार को समझ जाना चाहिए था, उसी तरह मसीह के अनुयायी होने के नाते, दोनों सामूहिक और एक व्यक्ति के रूप में, हर बार जब हम अब्राहम के प्रति परमेश्वर की करुणा के बारे में पढ़ते हैं , तो जो कुछ परमेश्वर ने हमारे लिए किया है उसके प्रति हमें कैसे आभारी होना है, इसको सीखने के लिए हमारे पास ये अवसर हैं। परमेश्वर ने हम पर बहुत दया व करुणा दिखाई है और हमें सीखना चाहिए कि उसकी करुणा को कैसे खोजना एवं उस पर कैसे निर्भर होना है।

## अब्राहम की वफादारी

बहुत कुछ इसी तरह से, अब्राहम की वफादारी का विषय भी मसीह के अनुयायियों पर कई स्तरों पर लागू होता है। जब हम अब्राहम के जीवन के बारे में पढ़ते हैं, तो हम कई परिस्थितियों को देखते हैं जिनमें अब्राहम को आज्ञाकारिता के साथ परमेश्वर की सेवा करने का आदेश दिया गया था। बेशक, वह इस जीवन में सिद्धता तक नहीं पहुँच पाया, लेकिन उसने सच्चे विश्वास का फल दिखाया। अब, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि पुराने नियम में भी, विश्वासयोग्य आज्ञाकारिता हमेशा परमेश्वर की करुणा एवं अनुग्रह पर आधारित थी। इसलिए, हमें इस बात पर जोर दिए जाने को विधिवादिता का कोई रूप मानने की गलती नहीं करनी चाहिए। फिर भी, जैसा कि पुराने नियम में था, वैसे ही आज भी सच्चे विश्वासियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परमेश्वर के प्रति अपनी वफादार सेवा के द्वारा परमेश्वर के अनुग्रह का प्रत्युत्तर दें।

यही कारण है कि नया नियम बार-बार मसीह के अनुयायियों के लिए वफादारी की जिम्मेदारी पर जोर देता है। इफिसियों 2:8-10 में पौलुस जिस तरीके से अनुग्रह और वफादारी को जोड़ता है उसे सुनिए।

**क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन परमेश्वर का दान है। और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे। क्योंकि हम उसके बनाए हुए हैं; और मसीह यीशु में उन भले कामों के लिये सृजे गए जिन्हें परमेश्वर ने पहिले से हमारे करने के लिये तैयार किया (इफिसियों 2:8-9)।**

जैसा कि पद 10 स्पष्ट करता है, आज मसीही लोगों के पास भले काम करने की जिम्मेदारी है। परमेश्वर हमें उद्धार देने वाला विश्वास इसलिए देता है ताकि हम उसके प्रति वफादार बन सकेंगे। इसलिए, हर

बार जब हम देखते हैं कि अब्राहम का जीवन किस तरह से मानवीय वफादारी से संबंधित मुद्दों को उठाता है, तो हम अपने जीवनों में उन नैतिक जिम्मेदारियों को लागू करने की स्थिति में होते हैं।

## अब्राहम के लिए आशीषें

तीसरे स्थान पर, हमें उन तरीकों से भी अवगत होना चाहिए जिनमें अब्राहम को दी गई आशीषें मसीही जीवन में लागू होती हैं। आपको याद होगा कि परमेश्वर ने अब्राहम और उसके बीज के लिए महान आशीषों की प्रतिज्ञा की थी। अंततः, वे महान, भव्य प्रसिद्धि का एक समृद्ध देश बनेंगे। और अब्राहम की कहानियों में हम ऐसे समयों को पाते हैं जब परमेश्वर ने इन परम आशीषों के पूर्वानुभव के साथ कुल-पिता को आशीषित किया था।

जिस तरह से इस्राएल के मूल श्रोता जब वे अपनी परम आशीषों के लिए इंतजार कर रहे थे तो अब्राहम को दी गई आशीषों को अपने जीवनों में पूरा होते देख सकते थे, मसीही होने के नाते आज हम ठीक इन्हीं आशीषों के कई पूर्वास्वाद का अनुभव यहाँ और अभी करते हैं जब हम उस दिन की आशा में इंतजार कर रहे हैं जब वे अपनी सभी परिपूर्णता में हम तक आयेंगी। इस जीवन में जो आशीषें हम देखते हैं, वे हमें बहुत उत्साह दे सकती हैं जब हम अपने रोज़मर्रा के जीवनों को उन परम आशीषों की आशा में जी रहे हैं जो मसीह के वापस लौटने पर हमारी होंगी।

## अब्राहम के माध्यम से आशीषें

अंत में, जिस तरह से अब्राहम की कहानियों का फोकस उन आशीषों पर है जिन्हें परमेश्वर अब्राहम के माध्यम से संसार को देगा, मसीही लोगों के पास भी उन आशीषों पर विचार करने का सुअवसर है जो हमारे माध्यम से संसार के लिए आती हैं। आपको याद होगा कि दुश्मनों से सुरक्षा और उसके दोस्तों के लिए आशीषों की प्रतिज्ञा अब्राहम से की गई थी ताकि वह एक दिन पृथ्वी की सभी जातियों के लिए परमेश्वर की आशीषों को साझा करेगा। और इससे भी अधिक, अब्राहम की कहानियों में, हम देखते हैं कि परमेश्वर ने अब्राहम को बार-बार सभी तरह के लोगों के लिए अपनी आशीषों के साधन के रूप में इस्तेमाल किया था।

जब उत्पत्ति की पुस्तक के मूल श्रोताओं ने इन घटनाओं के बारे में सीखा, तो उनके पास अपने समय की घटनाओं पर सोच-विचार करने के लिए कई तरीके थे। जब उन्हें लोगों के भिन्न-भिन्न समूहों का सामना पड़ा तो उन्होंने उन तरीकों के लिए मार्गदर्शन पाया जिनसे उन्हें संसार के लिए आशीष बनकर परमेश्वर के साधन के रूप में सेवा करनी थी। वे दुश्मनों के खिलाफ परमेश्वर की सुरक्षा के बारे में सुनिश्चित हो सकते थे और अपने पड़ोसियों के लिए परमेश्वर के राज्य की आशीषों को फैलाने की कोशिशों के साथ आगे बढ़ सकते थे।

बहुत कुछ इसी तरह, आज इस बात को हम मसीही लोगों को भी अपने जीवनों पर लागू करनी चाहिए। हम भी परमेश्वर की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त हो सकते हैं और संसार के छोर तक परमेश्वर के राज्य को फैलाने के द्वारा सभी जातियों के लिए आशीष बनने का प्रोत्साहन पा सकते हैं।



वीडियो, अध्ययन मार्गदर्शिका एवं कई अन्य संसाधनों के लिये, हमारी वेबसाइट में जायें – thirdmill.org

# निष्कर्ष

अब्राहम के जीवन के आधुनिक अनुप्रयोग पर इस पाठ में, हमने खोज की है कि उत्पत्ति की पुस्तक में कुल-पिता के लिए समर्पित अध्याय किस रीति से आज हमारे संसार के लिए प्रासंगिक हैं। पहले हमने देखा कि बाइबल के इस भाग के लिए एक मसीही दृष्टिकोण अब्राहम के महान बीज के रूप में हमारा ध्यान मसीह की ओर खींचती है। यह उन तरीकों को खोजती है जिनमें मसीह उन विषयों को पूरा करता है जिन्हें हम अब्राहम के जीवन में पाते हैं। लेकिन इसके अलावा, हमने यह भी देखा कि किस तरह अब्राहम का जीवन कलीसिया पर लागू होता है, जो कि अब्राहम का सामूहिक बीज है। किस तरह से मसीह में पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों को पवित्र शास्त्र के इस भाग की शिक्षाओं के अनुसार जीवन व्यतीत करना है।

उत्पत्ति की पुस्तक में जब हम अब्राहम के जीवन को और बारीकी से देखते हैं, तो आज हमारे जीवनों में कुल-पिता के जीवन को लागू करने के लिए हमारे पास कई अवसर होंगे। हम पाएंगे कि पिता अब्राहम पर मूसा की कहानी न सिर्फ हमारे दिलों को कुल-पिता की, बल्कि अब्राहम के बीज मसीह की ओर भी खींचती है और उस आश्चर्य की ओर कि मसीह में हम भी अब्राहम के बच्चे हैं और अब्राहम को दी गई प्रतिज्ञाओं के वारिस हैं।

---

**Dr. Richard L. Pratt, Jr. (Host)** is Co-Founder and President of Third Millennium Ministries. He served as Professor of Old Testament at Reformed Theological Seminary for more than 20 years and was chair of the Old Testament department. An ordained minister, Dr. Pratt travels extensively to evangelize and teach. He studied at Westminster Theological Seminary, received his M.Div. from Union Theological Seminary, and earned his Th.D. in Old Testament Studies from Harvard University. Dr. Pratt is the general editor of the NIV Spirit of the Reformation Study Bible and a translator for the New Living Translation. He has also authored numerous articles and books, including *Pray with Your Eyes Open*, *Every Thought Captive*, *Designed for Dignity*, *He Gave Us Stories*, *Commentary on 1 & 2 Chronicles* and *Commentary on 1 & 2 Corinthians*.